# University in News on 10 March 2025

## PIONEER PAGE 3

# मैत्री मैच में वीसी इलेवन ने 18 रन से जीत दर्ज कराई



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे ग्राउण्ड पर रविवार को मैत्री मैच के दौरान हुए मुकाबले में 18 रन से मीडिया इलेवन की टीम को वीसी इलेवन की टीम ने हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया। मैच के समाप्त होने पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विजेता और उप विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। परांजपे मैदान पर वीसी इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 102 रन बनाए। राजीव मनोहर ने सात चौकों की सहायता से 35 रनों की पारी खेली। आशुतोष सिंह ने नाबाद 29 रन बनाये। मीडिया इलेवन की ओर से ऋषि सिंह सेंगर और आशुतोष त्रिपाठी ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया इलेवन की टीम आठ विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी। रोहित ने 19 और अंजनेय सिंह ने 18 रनों की पारी खेली। वहीं वीसी इलेवन की ओर से विनीत ने चार और प्रवीण गुप्ता ने दो विकेट चटकाए।

## JAGRAN CITY PAGE III

# कुलपति एकादश ने 18 रन से जीता मैच

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रांजपे पवेलियन में रविवार को खेले गए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में कुलपति एकादश ने 18 रन से मीडिया एकादश को हराया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुलपति एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाए। टीम की ओर से राजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 गेंदों में सात चौकों की मदद से 35 रन बनाए। आशुतोष सिंह ने 23 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 28 रन का योगदान दिया।

कप्तान अजय कुमार आर्य ने तीन चौकों की मदद से 20 रन बनाए, लेकिन दीपक गुप्ता की गेंद पर बोल्ड हो गए। मीडिया एकादश की ओर से ऋषि सेंगर और आशुतोष त्रिपाठी ने 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया एकादश की टीम 15 ओवर में आठ विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी। अंजनेय सिंह ने 18, कप्तान रोहित सिंह ने नाबाद 19 और आशीष राजपूत ने 17 रन बनाए। कुलपति एकादश के शानदार क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के आगे मीडिया एकादश संघर्ष करती नजर आई। विनीत ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मैच में बीसीसीआइ के एसपी सिंह ने स्कोरर की जिम्मेदारी निभाई, जबकि विकास पांडेय और मोहम्मद नदीम ने अंपायरिंग की। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लिया और विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन आरबी सिंह, क्रिकेट क्लब के प्रेसीडेंट डा. एसए अल्वी आदि उपस्थित रहे।



लखनऊ विश्वविद्यालय में मैत्रीपूर्ण मैच में कुलपति प्रो . आलोक राय कुलपति एकादश की टीम के साथ ट्राफी के संग • जागरण

## AMRIT VICHAR PAGE 7

# एलयूवीसी एकादश ने ट्रॉफी जीती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः राजीव मनोहर की बेहतरीन बल्लेबाजी और विनीत की गेंदबाजी के चलते मैत्री मैच में एलयूवीसी एकादश ने मीडिया एकादश को 18 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता और उप विजेता टीमों को एलयूवीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने ट्रॉफी दी। एलयू मैदान पर एलयूवीसी एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 102 रन का लक्ष्य रखा। राजीव मनोहर ने सात चौकों की सहायता से 35 रनों की पारी खेली।

आशुतोष सिंह ने नाबाद 29 रन बनाये। मीडिया एकादश की ओर से ऋषि सिंह सेंगर और आशुतोष त्रिपाठी ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया एकादश की टीम आठ विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी। रोहित ने 19 और अंजनेय सिंह ने 18 रनों की पारी खेली। एलयूवीसी की ओर से विनीत ने चार और प्रवीण गुप्ता ने दो विकेट चटकाए।

### जेएनपीजी और नेशनल कॉलेज में होगा फाइनल

अमृत विचार, लखनऊ: 25 वें चंद्र भान गुप्ता टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जेएनपीजी कॉलेज और नेशनल पीजी कॉलेज ( रेड ) के बीच खेला जाएगा। रविवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में जेएनपीजी कॉलेज ने लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज को 11 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएनपीजी कॉलेज ने 127 रन बनाए, जिसके जवाब में उतरी लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज की टीम छह विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी। विजेता टीम की ओर से गेंदबाज अंकित यादव ने चार विकेट लेकर मैन ऑफ मैच रहे। दूसरे सेमीफाइनल में नेशनल पीजी कॉलेज ने डीएवी पीजी कॉलेज को 65 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल कॉलेज ने छह विकेट खोकर 216 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच रहे यश सिंह ने विस्फोटक पारी खेलते हुए 30 गेंदों में 5 चौके और 6 छक्के की बदौलत 65 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में डीएवी की टीम सात विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी। आशु ने सबसे अधिक 57 रन बनाए। नेशनल की ओर से अश्विनी यादव ने दो विकेट लिये।

### ट्रेल ब्लेजर की शानदार जीत

अमृत विचार, लखनऊ: कैप बीकेटी मैदान में प्रिशा गोल्ड टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। केविजीएन और ट्रेल ब्लेजर के बीच खेले गए पहले मैच में केविजीएन टीम की 61 रन पर ऑल आउट हो गई।आसान से लक्ष्य का पीछा करने के लिए ट्रेल ब्लेजर ने मात्र 6 ओवरों में मैच जीता लिया। दूसरे मुकाबले में,जो कि जेएसआर और नाइट्स एकादश के मध्य खेला गया , नाइट्स एकादश की टीम ने 168 रन बनाए। जवाब देने उतरी जेएसआर टीम 131 रनों पर सिमट गई। नाइट्स 37 रनों से जीत हासिल की।